<u>केस स्टडी अभ्यास</u>

निम्नलिखित केस स्टडी को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

एक बार अकबर ने बीरबल को बुद्धू बनाने के विचार से एक ऐसा पिंजरा बनवाया, जिसे देखकर यह अंदाजा लगा पाना भी कठिन था कि यह पिंजरा है । पिंजरे में कश्मीरी सेब रखवाकर अकबर स्वयं छिपकर वहां से बीरबल के गुजरने का इंतजार करने लगे ।
कुछ देर बाद बीरबल ने वहां से गुजरते हुए कश्मीरी सेब देखा, तो उसे उठाने के लिए हाथ बढ़ाया । बीरबल ने हाथ बढ़ाकर जैसे सेब को छुआ, उसका हाथ उस पिंजरे में फंस गया । तभी छिपकर मौका देख रहे अकबर ने सामने आकर बीरबल का हाथ पिंजरे में फंसा देखकर कहा, "अरे, यह तुम हो बीरबल ! मैंने तो राजमहल से गायब हो रही वस्तुओं को चुराने वाले के लिए यह योजना बनाई थी । तुम इसमें कैसे फंस गए ? मुझे पूरा विश्वास है कि तुम चोरी जैसा काम कभी नहीं कर सकते ।"
इस घटना के कई दिन बाद एक बार बादशाह अकबर का मन शिकार पर जाने का हुआ । वैसे तो बीरबल हमेशा अकबर के साथ शिकार पर जाया करते थे, पर उस दिन अकबर को अकेले ही शिकार पर जाना पड़ा । शिकार का पीछा करते-करते अकबर जंगल में बहुत आगे तक निकल गए । इधर दिन भी ढलने को था । चारों ओर घना अंधेरा था, तभी दूर कहीं से तेज आवाज सुनाई दी, "रुको कौन हो तुम, घोड़े से नीचे उतर कर इस तरफ आ जाओ ।"

i) बादशाह अकबर ने पिंजरा क्यों बनवाया **?**
क) शेर को कैद करने के लिए
ख) लोगों को शेर से बचने के लिए
ग) बीरबल को बुद्धू बनाने के लिए
घ) बीरबल को पिंजरे में कैद करने के लिए

ii) बीरबल ने पिंजरे में क्या देखा **?**
क) खतरनाक जानवर को दिखा ।
ख) चोर को देखा
ग) कश्मीरी सेब को दिखा
घ) बच्चे को देखा ।

iii) कथन **(A)** और कारण **(R)** को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए **:-**
कथन **(A) -** पिंजरे में एक सेब रखवाया था ।
कारण **(R) -** राजमहल से गायब हो रही वस्तुओं को चुराने वाला पकड़ा जाए ।
क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है ।
ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत है ।
ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है ।
घ) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

**iv)** अकबर जंगल में क्यों आगे निकल गए **?**
क) चोर का पीछा करने के कारण ।
ख) बीरबल का पीछा करने के कारण ।
ग) शत्रु का पीछा करने के कारण ।
घ) शिकार का पीछा करने के कारण ।

**v)** अकबर क्यों बीरबल के गुजरने का इंतजार करने लगे **?**

क) जिससे कि वे बीरबल को साथ में लेकर चोर को पकड़ सके ।
ख) जिससे कि वे बीरबल को चोर समझ कर पकड़ सके ।
ग) जिससे कि वे बीरबल से चोर के बारे में जान सके ।
घ) जिससे कि वे बीरबल के द्वारा समस्या का समाधान करवा सके ।